**खबर संक्षेप**

### जल दान से जीनवदान युवाओं द्वारा हर घर नाद चलाया जा रहा अभियान



**शहडोल।** ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जानवरों एवं पशुओं को पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके इसके लिए शहडोल युवा टीम द्वार हर घर नाद अभियान चलाकर जगह-जगह नाद करवाने की पहल की जा रही है। शहडोल नगर के विनोद शर्मा द्वारा के- स्क्वयार के पास, नूतन सिंह द्वारा न्यू बस स्टैंड के पास, जय स्तंभ चौक, लल्लू सिंह, ग्रीन सिटी, रमाबाई हास्पिटल सहित अन्य स्थानों में निराश्रित गौवंश, पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हेतु नाद रखवाए। उक्त कार्य में प्रभाकर मिश्र, आर्य द्विवेदी, नंदी, प्रकाश सेन, रूपेश मिश्रा, अमर सोनी, सार्थक मिश्रा की भूमिका रही।

### आज बचाओ जल उज्जवल होगा कल

**अपनी मिट्टी एवं अपना जल बचाने एक साथ जुटे उधिया ग्राम के लोग**

**शहडोल।** आज बचाओ जल उज्जवल होगा कल जल गंगा संवर्धन अभियान का नया स्वरूप समाज के सहयोग से आगे आ रहा है। ग्रामीण जन अपना जल अपनी मिट्टी तथा अपने वतन के संरक्षण एवं संवर्धन में स्वप्रेरणा से जुड़ते जा रहे हैं। प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर श्री अनुराग निगम ने बताया कि ग्राम पंचायत उधिया सरपंच एवं ग्रामीणों के साथ जल संवर्धन चौपाल लगाकर उनके गांव के प्राचीन मंदिर तथा मंदिर के पास स्थित तालाब के जीर्णोद्धार एवं जल संरक्षण संवर्धन पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने सहज रूप से तालाब के जीर्णोद्धार की बात स्वीकार की तथा अगले ही दिन कार्य में जुट गए। ग्रामीणों का कहना है कि यह तालाब 40 वर्ष से ऊपर है यहां खनिज मद से 7 लाख 50 हजार रूप्ये की लागत से यहां का निर्माण कार्य पूर्व में कराया गया है।

### बूंद-बूंद की बचत करें, भविष्य को सुरक्षित करें

**शहडोल।** बूंद-बूंद की बचत करें, भविष्य को सुरक्षित करें सोहागपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत श्यामडीह खुर्द में जरहा धाम शिव मंदिर के पास स्थित तालाब की साफ-सफाई तथा ग्राम पंचायत सरपंच श्री मनोज शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया है। ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा ग्रामीणों की बैठक लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे है जल गंगा संवर्धन अभियान तथा उसके महत्व के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत अनुराग निगम ने जल चौपाल का आयोजन कर जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किये गए प्रयासों की जानकारी दी गई। इस कार्य में सामुदायिक कार्यकर्ता पिंकी बाई, पंचायत सचिव राममिलन जायसवाल, कमल भान सिंह, ग्राम रोजगार सहायक ,पूर्व उप सरपंच श्री नायक, हरिदीन सिंह एवं अन्य ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। धीरे-धीरे श्रमदान का कारवा बढता जा रहा है।

## शराबखोरी के साथ बीच शहर में असामाजिक तत्वों का अड्डा बना आवास

# पूर्व मंत्री के निर्माणाधीन आवास में नाबालिग की लुटी अस्मत

### जेल से छूटे बालात्कारी ने नाबालिग से किया दुराचार

अनूपपुर के भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह के निर्माणाधीन सूने आवास में बदमाश ने नाबालिग की अस्मत लूट ली, पुलिस जब यहां जांच करने पहुंची तो, उसके रोंगटे खड़े हो गये, आपत्तिजनक अनुपयोगी सामान के साथ खाली बोतलों का ढेर इस बात द्योतक था कि अर्से से यह मकान बदमाशों का अड्डा बना था और मुख्यालय की पुलिस इससे बेखबर थी।

शहडोल





शहर के बीच में स्थित पाण्डवनगर कालोनी में सुनसान पड़े पूर्व मंत्री बिसाहूलाल का अधूरा आवास बदमाशों का अड्डा बन चुका था, स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इसकी सूचना पुलिस के बीट अधिकारियों को दी थी, लेकिन पुलिस तब जागी जब 13 साल की बच्ची की अस्मत बदमाश ने लूट ली। चारों तरफ रहवासी क्षेत्र से घिरी पॉश कालोनी में स्थित आवास का निर्माण अनूपपुर के भाजपा विधायक बिसाहूलाल सिंह ने कांग्रेस से भाजपा में आने के बाद लगभग 4 से 5 वर्ष पूर्व प्रारंभ कराया था, बीते लगभग 3 से अधिक सालों से निर्माण कार्य बंद पड़ा है, कोई चौकीदार नहीं था, लगभग 4 मंजिला इमारत बदमाशों का अड्डा बन चुकी थी, जिस पर किसी की कोई रोक नहीं थी, दुराचार का मामला सामने आने के बाद पुलिस के कान जरूर खड़े हुए, लेकिन इसके बाद भी पुलिस ने शहर में स्थित ऐसे अन्य सूने पड़े आवासों की शायद ही कोई सूची बनाई और उनके मालिकों को कोई नोटिस ही भेजे।

#### यह है मामला

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडव नगर में स्कूल जा रही एक 13 वर्षीय छात्रा के साथ दुराचार किया गया। घटना की जानकारी लगने के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान पंकज कटारे पिता प्रकाश चंद्र कटारे 54 निवासी जैन मंदिर के पास थाना कोतवाली के रूप में की गई हैं। उक्त वारदात को आरोपी ने पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह के पांडव नगर स्थित निर्माणाधीना मकान की तीसरी मंजिल में अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार बीते सुबह पांडव नगर स्थित एक निजी स्कूल में पढऩे वाली एक 13 वर्षीय छात्रा घर से सायकिल से स्कूल जा रही थी। तभी स्कूल के समीप आरोपी ने उसे रोका और उसे बहलाकर अपने साथ पूर्व मंत्री बिसाहूलाल के पांडव नगर स्थित निर्माणाधीना मकान में ले गया। जहां उसके साथ उसने दुराचार किया। पता चला हैं कि आस-पास रहने वाले किसी व्यक्ति ने छात्रा को उक्त मकान के अंदर ले जाते देख पुलिस को इसकी सूचना दी, लेकिन जब तक पुलिस वहाँ पहुँचती आरोपी छात्रा कि अस्मत लूट चुका था। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची आरोपी वारदात को अंजाम देकर भागने की फिराक में था, लेकिन उसे वहीं दबोच लिया गया।

#### पूर्व में भी जा चुका है जेल

पता चला है कि आरोपी पंकज कटारे पिता 54 वर्ष पूर्व में भी दुराचार व पास्को एक्ट के मामले में जेल जा चुका हैं। उसे 10 वर्ष के कारावास से दण्डित किया जा चुका हैं। वह गत वर्ष ही जेल से रिहा हुआ हैं। इसके बाद एक बार फिर आरोपी ने हैवानियत दिखाते हुए छात्रा के साथ फिर वैसी ही वारदात को अंजाम दिया।

#### पॉश एरिया में वारदात पर उठे सवाल

पांडव नगर स्थित जिस जगह पर आरोपी ने इस घिनौने कृत्य को अंजाम दिया, वह एरिया शहर का पॉश इलाका कहलाता हैं। वहीं समीप ही जिले के एक पुलिस अधिकारी का भी शासकीय आवास हैं। इसके बावजूद आरोपी ने उस पॉश एरिया में बिना किसी भय के ऐसी वारदात को अंजाम दिया। जो कि कोतवाली पुलिस कि कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा हैं। शायद कोतवाली पुलिस कि निरंकुशता का ही परिणाम हैं कि आरोपी ने बीच शहर स्थित पॉश एरिया में ऐसी वारदात को बेखौफ़ होकर अंजाम दिया। उक्त पॉश एरिया में एक बड़ी निजी स्कूल के साथ कन्या महाविद्यालय व पोलिटेक्निक कॉलेज भी मौजूद हैं। जहां हर दिन सकड़ों छात्राए पढऩे जाती हैं। ऐसे में इस वारदात के बाद कोतवाली पुलिस के ऊपर सवाल उठाना लाजिम हैं।

## किराना दुकान में चोरों ने लगाई सेंध

**शहडोल।** जिले में चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है, धनपुरी थाना क्षेत्र में एक किराना दुकान की अल्बेस्टर सीट तोडक़र घुसे चोरों ने किराना दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है, जिसमें हजारों रुपए का सामान लेकर अज्ञात चोर फरार हो गए हैं। घटना धनपुरी के गोल बाजार में घटी है, जहां से कुछ कदम की दूरी पर पुलिस की रातों दिन तैनाती रहती है, ऐसे स्थान में हुई चोरी की घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर अब सवाल खड़े कर दिए है।

#### यह है मामला

धनपुरी थाना क्षेत्र के गोल बाजार में स्थित महेश उर्फ भोला राय की किराना दुकान में चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है। दुकान मालिक ने बताया कि उनकी दुकान में रखें किराना सामान एवं नगद लेकर चोर फरार हो गए हैं। घटना बीती रात घटी है, पड़ोसियों ने जब दुकान मालिक को बुधवार की सुबह बताया कि तुम्हारी दुकान के ऊपर लगी अल्बेस्टर सीट टूटी है। तब जाकर दुकान मालिक को घटना की जानकारी लगी, जिसके बाद दुकान पहुंचे महेश ने अंदर जाकर देखा तो दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था। जिससे उन्हें यह पता लग गया कि उनकी दुकान के अंदर चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दे दिया है। घटना की जानकारी धनपुरी पुलिस को दी गई, जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है, दुकान मालिक ने बताया कि उसकी दुकान से हजारों रुपए का सामान व नगद रूपए लेकर चोर फरार हो गए हैं। हालांकि पुलिस ने दुकान मालिक से चोरी गया सामान की लिस्ट मांगी है।

## एनएसयूआई ने मनाया 55 वां स्थापना दिवस



**शहडोल।** जिला कांग्रेस कार्यालय में एनएसयूआई के स्थापना दिवस के अवसर पर एनएसयूआई की स्थापना करने वाली पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। एनएसयूआई पदाधिकारीयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एनएसयूआई का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति निष्ठा की शपथ ली एवं एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शुभम सोंधिया, जिला महासचिव हर्ष गौतम, जिला उपाध्यक्ष सिमरन कौर, साहिल कुशवाहा ब्लॉक उपाध्यक्ष, कान्हा गर्ग, कॉलेज उपाध्यक्ष , ओम, शिवांशु, कृष्णा, आशु, अनुराज तिवारी सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## फुटपाथ दुकानदारों को हटाने का फरमान

### आरोप: विशेष समुदाय को बनाया जा रहा निशाना



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय से सटे सिंहपुर में सडक़ किनारे वर्षों से गुमटी और ठेले पर दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाले फुटपाथ व्यापारियों को प्रशासन द्वारा बलपूर्वक हटाने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व विभाग के आदेश पर नायब तहसीलदार ने इन दुकानदारों को नोटिस जारी कर 10 अप्रैल तक मोहलत दी है। इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। करीब एक दर्जन से अधिक दुकानदारों को यह नोटिस थमाया गया है, जिनमें से कई पिछले 40 वर्षों से इसी स्थान पर दुकान चला रहे हैं। इन दुकानों में साइकिल और बाइक रिपेयरिंग, जूते-चप्पल, कपड़े और किराने की दुकानें शामिल हैं। इन व्यापारियों का कहना है कि यही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है और किसी तरह परिवार का गुज़ारा इसी से होता है।

#### व्यापारियों का आरोप-एकतरफा कार्रवाई

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कार्रवाई पक्षपातपूर्ण तरीके से की जा रही है और एक विशेष समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि सिंहपुर में कई अन्य स्थानों पर भी शासकीय भूमि पर दुकानें संचालित हो रही हैं, लेकिन नोटिस सिर्फ इन्हीं दुकानदारों को जारी की गई है। सिंहपुर निवासी अब्दुल सलामत ने बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से यहां दुकान चला रहे हैं। पहले उन्होंने साइकिल रिपेयरिंग की दुकान चलाई, अब उनके पुत्र बाइक रिपेयरिंग का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कभी भी प्रशासन द्वारा कोई नोटिस नहीं दी गई थी, अचानक अब नोटिस थमा दी गई है। इसी तरह दुकानदार नुरुल, रिजवान, मोहम्मद सवाब, मोहम्मद नईम,आकिब, सत्यम गुप्ता, संदीप पांडे आदि ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्हें कहीं और रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है। यदि प्रशासन निर्माण कार्य करना चाहता है तो वे स्वेच्छा से स्थान खाली करने को तैयार हैं, लेकिन जबरन हटाया जाना अन्यायपूर्ण है।

#### प्रशासन पर सवाल

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कार्रवाई सत्ता से जुड़े कुछ लोगों के दबाव में की जा रही है, जो नहीं चाहते कि ये व्यापारी यहां अपना व्यवसाय जारी रखें। वहीं शासकीय अस्पताल प्रबंधन द्वारा अब तक कोई आपत्ति या नोटिस इन दुकानदारों को नहीं दी गई है। प्रशासन की यह कार्रवाई अब विवाद का विषय बनती जा रही है और स्थानीय स्तर पर असंतोष पनप रहा है। पीड़ित परिवारों की मांग है कि प्रशासन उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था करे या मानवीय आधार पर पुनर्विचार करे।

**जल स्त्रोत का जीर्णाद्धार करने के कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

## जल स्त्रोत स्थल वाले स्थानों में आयोजित की जाएंगी विभिन्न प्रकार की गतिविधियां:कलेक्टर

शहडोल



जल गंगा संवर्धन अभियान में धार्मिक, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक जल स्त्रोत स्थल वाले स्थानों में आयोजित की जाएंगी विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे जल यात्रा, मंदिरों की साफ-सफाई, लेखन एवं पेंटिंग की प्रतियोगिताएं, जल संरक्षण, संवर्धन तथा प्रबंधन पर आधारित विषयों पर विधार्थियों तथा आम जनता से आलेख प्राप्त करने नारा लेखन, कला मण्डलियों द्वारा जल संरक्षण पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के निर्देश कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़े अधिकारियों को दिए हैं। आपने कहा है कि जिन स्थानों पर जल संरचनाएं एवं धार्मिक सांस्कृतिक महत्व के स्थल हैं उनके इतिहास की जानकारी भी प्रदर्शित की जाए। जिले से बहने वाली नदियों एवं नालों की साफ-सफाई तथा उनमें श्रंखलाबद्ध बोरी बंधान या पक्की संरचनाएं बनाई जाएंगी। आपने कहा कि कुआं, तालाब, बावड़ी, स्टाप डैम, चेक डैम, खेत तालाब, निर्मल नीर सहित नदी एवं नालों का भी जीर्णाद्धार करने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए। उन्होनें खेत तालाब नहरों तथा सिचाई जलाशयों के जीर्णोद्धार के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

बैठक में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नरेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंटोनियों एक्का, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री फूल सिंह मरपाची सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थें।



### जब तक है जल सुरक्षित तब तक है कल सुरक्षित

**चितराव गांव के लोगों ने नारे को साकार करने के लिए कसी कमर**

**शहडोल।** जब तक है जल सुरक्षित तब तक है कल सुरक्षित यह नारा है शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम चितरांव निवासियों की। प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के सहयोग से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अत्याधिक प्राचीन तालाब लोढ़ा धार माता रानी के पास कोट तालाब के संरक्षण एवं सफाई हेतु प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों के साथ चर्चा की गई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि लोढ़ा धार माता रानी के पास कोट तालाब के सफाई का कार्य श्रमदान कर किया जाएगा। तालाब के आसपास रहने वाले 200 परिवारों ने जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति के सदस्यों से चर्चा कर तालाब के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया। दूसरे ही दिन सभी लोगों ने आपस में मिलकर श्रमदान प्रारंभ कर दिया ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव श्री धनंजय शर्मा ने बताया कि यहां पर अत्यंत प्राचीन मंदिर है। पूरे गांव की आस्था इस मंदिर से जुड़ी हुई है। लोग मंदिर में पूजा करने आते है यही स्नान करते है फिर मंदिर में दर्शन करने जाते है। देवी देवताओं को भी यही का जल चढाते है यह ग्रामीणों के आस्था का केंद्र है। इस तालाब का क्षेत्रफल 4 एकड़ है।

**कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से भेजा पत्र**

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने ई-ऑफिस प्रणाली के तहत जिले के छात्रावासों के निरीक्षण हेतु परख एप के माध्यम से करने हेतु एम.पी.एस. ई.डी.सी. के मैनेजिंग डायरेक्टर को पत्र भेजा।


dmshahdol@mp.gov.in
फोन नं. 07652-241700
शहडोल दिनांक 09 अप्रैल 2025

**सार्वजनिक सूचना**

रईस अहमद आत्मज हाजी मुनीर अहमद निवासी पाली रोड सोहागपुर द्वारा बीपीसीएल जबलपुर द्वारा भूमि खसरा नं. 655/2 ग्राम पिपरिया पटवारी हल्का पिपरिया तहसील सोहागपुर जिला शहडोल में बीपीसीएल डीजल स्टेशन निर्माण करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने का अनुरोध किया गया है।

अत: उक्त बीपीसीएल डीजल स्टेशन की स्थापना की किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के अंदर इस कार्यालय में अपनी आपत्ति: प्रस्तुत कर सकता है, निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

**अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, शहडोल**


## विश्वविद्यालय में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

### जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों व विशेषज्ञों ने रखे सारगर्भित विचार

शहडोल




**पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषय पर विमर्श के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, विद्यार्थी व विषय विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्रित हुए।पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा रहीं।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह और ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल उपस्थित रहे। इस कार्यशाला के संयोजक हर्षवर्धन सिंह एवं सहसंयोजक चंद्रेश द्विवेदी रहे। कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यशाला में वक्ताओं ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा पर विचार साझा करते हुए इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ और व्यावहारिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने अपने संबोधन में कहा एक साथ चुनाव होने से देश में समय, संसाधन और धन की बचत होगी। साथ ही प्रशासनिक व्यवस्था पर अनावश्यक दबाव भी कम होगा। लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में यह एक सार्थक पहल है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे ऐसे राष्ट्रीय मुद्दों पर युवाओं को जागरूक करें। एक राष्ट्र, एक चुनाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि प्रशासनिक और सामाजिक सुधार का विषय भी है। जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, संप्रदायवाद को समाप्त करने के लिए एक सशक्त सरकार की आवश्यकता होती है देश अस्मिता के लिए महत्वपूर्ण निर्णय जरूरी होते है। इनमें एक देश एक चुनाव भी है। जयसिंह नगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा लगातार चुनाव प्रक्रिया से शासन व्यवस्था बाधित होती है, नीतिगत निर्णय रुक जाते हैं। एक साथ चुनाव से स्थिरता और पारदर्शिता दोनों बढ़ेंगी। ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल ने अपने विचार रखते हुए कहा ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार चुनाव कराने से शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास कार्यों पर असर पड़ता है। एक चुनाव से गांव-गांव तक सुशासन की पहुँच बनेगी। कार्यक्रम के संयोजक हर्षवर्धन सिंह ने आयोजन की पृष्ठभूमि और उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक संगठित और प्रभावशाली बनाने के लिए इस विषय पर चर्चा जरूरी है। देश के आर्थिकप्रगति विकासशील परियोजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों की गति के आवश्यक है। सह-संयोजक चंद्रेश द्विवेदी ने कहा विश्वविद्यालयों के संवाद के माध्यम से जुड़े युवा को चाहिए कि वे ऐसे विमर्शों का माध्यम बनें जिससे विद्यार्थी भी राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जुड़ सकें।

कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा न केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से, बल्कि प्रबंधन और लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से भी एक साथ चुनाव कराना एक उत्कृष्ट विचार है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आदर्श तिवारी ने प्रभावशाली ढंग से किया, वहीं परिसर प्रभारी डॉ. गीता सराफ ने आयोजन की सफलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के महामहिम राष्ट्र पति को भेजे जाने वाले प्रस्ताव का वाचन किया कार्यशाला में उपस्थित प्राध्यापकों विद्यार्थियों ने सहमति से प्रस्ताव पारित किया और विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सवाल-जवाब के सत्र में अपनी जिज्ञासाएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यशाला के अंत में रविकरण त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## कमिश्नर से ग्रामीणो ने की शिकायत, बेलगाम हैं सरपंच व सचिव

# पेयजल का संकट गहराया, घटिया कार्य करा राशि डकार रहे

**शहडोल।** पाली जनपद अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायतें प्रशासकीय अंकुश के बिना बेलगाम होती जा रहीं हैं, जहां सरपंच व सचिव शासकीय प्रावधानों का उल्लंघन कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। इससे शासकीय धन का जमकर दुरुपयोग हो रहा है जबकि ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। हाल ही में बड़वाही पंचायत में व्याप्त भर्रेशाही की ग्रामीणों ने कमिश्नर से शिकायतें की हैं। ग्रामीणों ने पेयजल संकट की ओर कमिश्नर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्हे पंचायत की स्थितियों से अवगत कराया है। साथ ही सीएम हेल्प लाइन में भी शिकायतें की गई हैं। बड़वाही पंचायत निरंकुशता की ओर बढ़ती जा रही है। जहां न तो प्रावधानों का पालन हो रहा है और न ग्रामसभा की बैठकों का आयोजन किया जाता है। सारे कार्य केवल सरपंच व सचिव की मनमानी पर चल रहे हैं। पंचायत में जो निर्माण कार्य कराए गए उनमें जमकर धांधली की गई है। बिना पंचायत की बैठक बुलाए, बिना ग्रामसभा से विचार विमर्श किए निर्माण कार्य कराना और राशि का दुरुपयोग करना यहां का शगल बन चुका है।

### पानी का घोर संकट

बड़वाही पंचायत में पेयजल का संकट दिनोदिन गहराता जा रहा है। यहां राष्ट्रीय नलजल मिशन का कार्य आज भी पूरा नहीं हो पाया है। अधूरा काम छोड़कर एक अर्से से ठेकेदार लापता है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पहले प्रदेश की नल जल योजना के तहत टंकियां बनवाई गई थीं और पाइप बिछाकर पीएचई के माध्यम से पानी की व्यवस्था कराई गई थी। लेकिन इन टंकियों का न तो कभी रखरखाव हुआ न साफ सफाई कराई गई। पंचायत की अधिकांश टंकियां जर्जर और गंदगी से भरी हुई हैं। इनमें रिसाव होने के कारण अब इनका उपयोग धीरे धीरे बंद होता जा रहा है। पाइप लाइने जगह जगह से उखड़ चुकी हैं। इसलिए यह योजना भी अब फेल हो चुकी है। ले देकर हैण्डपंपों का सहारा है। लेकिन हैण्डपंपों की हालत भी बदतर होती जा रही है। कुछ तो कोलेप्स हो चुके है, कुछ का पानी दूषित है। हैण्डपंपों के चेम्बर टूटे पड़ें हैं। जो



हैण्डपंप चालू हालत में हैं वहां गंदगी भरी हुई है। कुछ हैण्डपंप ही पानी दे रहे हैं जहां लोगों की भीड़ लगी रहती है।

### मुरुमीकरण हुआ, घटिया सडक़ बनी

पंचायत ने तीन किमी लम्बी गिट्टी, बोल्डर सडक़ का मुरुमीकरण कराया है जो कि ठाकुर बाबा से लेकर तेंदुआ टोला तक बनाई गई है। इस सडक़ का हाल बेहाल है, कुछ ही महीनो पहले बनी यह सडक़ अपना स्वरूप खोने लगी है। पंचायत ने सडक़ निर्माण के दौरान गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा है। इसके अलावा तीन किमी तक मुरुमीकरण हुआ, मुरुम कहां से लायी गई इसका कोई सवाल जवाब करने वाला नहीं है। जाहिर है कि चोरी की मुरुम उपयोग में लायी गई, समीपी एक डोंगरी से उत्खनन करा कर सडक़ का निर्माण कराया गया और रकम आहरित कर ली गई है। सरकारी काम में भी चोरी का मटेरियल उपयोग में लाया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री सडक़ से लेकर राया लाल के घर तक लगभग आधा किमी लम्बी सीसी रोड बनाई गई है। सडक़ का घटिया निर्माण कराए जाने के कारण रोड चंद महीनों में ही उखड़ने लगी है। सडक़ के आस पास पटरी भराई का काम नहीं कराया गया है। पंचायत ने नालियों का निर्माण भी कराया है। तीन स्थानों में पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण कराया गया लेकिन नालियों की बनावट मानक के अनुरूप नहीं है। नालियों की लम्बाई चौड़ाई व उंचाई कम बताई गई है।

### सूचना पटल नहीं लगाते

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत द्वारा निर्माण कार्य तो कराया जा रहा है लेकिन सूचना पटल कभी भी नहीं लगाया जाता है। यह पता नहीं चलता कि निर्माण कार्य की लागत क्या है, वह कब पूर्ण होगा, उसकी निर्माण एजेंसी कौन है, सब कुछ गोपनीय ढंग से किया जाता है। सचिव द्वारा ग्रामीणों को झिडक़ दिया जाता है, जबकि नियमतः प्रत्येक निर्माण कार्य के लिए ग्राम सभा से चर्चा की जानी चाहिए और उसका अनुमोदन लेने के बाद ही कोई काम शुरू किया जाना चाहिए। कार्य का स्वरूप भी वही होना चाहिए, लेनिक सरपंच व सचिव यहां पंचों से कोई विचार विमर्श करना जरूरी नहीं समझते। अधिकांश कार्य फर्जी प्रस्ताव बना कर कर लिए गए हैं। पंचायत में कई ऐसे कार्य हैं जो अत्यंत आवश्यक हैं लेकिन उनकी ओर सचिव द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## युवा टीम बनी बेसहारा पशुओं की सहारा, भीषण गर्मी में चारा-पानी की कर रहे व्यवस्था

**उमरिया।** गर्मी शुरू होते ही युवा टीम बेसहारा मवेशियों की सेवा में जुट जाती है। युवा स्वयं के खर्च में कटौती कर मवेशियों के लिए चारा-पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। ताकि मवेशियों को गर्मी में पानी, चारा के लिए भटकना न पड़े।इसी के तहत युवाओं की टोली ने पशुओं को राहत देगा एक नाद अभियान का शुभारंभ किया। पशुपक्षी मित्र हिमांशु तिवारी ने बताया कि बेजुबान जानवरों और पक्षियों को पानी पिलाने के लिए नई व्यवस्था की है।टीम ने स्वयं से सीमेंट के नाद बनाएं हैं। नाद को लोगों के घरों के सामने



रखा जा रहा है। लोगों से यह सहमति ली जा रही है कि वे रोज नाद में स्वयं पानी भरेंगे। यही नहीं नादो की सफाई भी स्वयं ही करेंगे। ताकि जानवरों को रोज साफ-सुथरा पानी मिल सके।गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए पानी की कमी एक बड़ी मुसीबत साबित होती है। पानी के स्त्रोत सूख जाते हैं। ऐसे में पशु-पक्षी पानी के लिए भटकते रहते हैं। इन्हें बचाने यह पहल जरुरी थी।जिले के विभिन्न क्षेत्रों मं। जगह-जगह पर नाद में पानी भर कर रखा जा रहा है ताकि पशु और पक्षियों को गर्मी में प्यास बुझाने में सुविधा हो सके। युवाओं ने अपील कि प्रत्येक व्यक्ति को पूरे मनोयोग से इस अभियान में जुडक़र अपना योगदान देना चाहिए। ताकि किसी भी जानवर को पानी की किल्लत न हो। इसी उद्देश्य के साथ लोगों को इस जल सेवा अभियान में जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को पूरी गर्मी में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान समाज सेवी माया तिवारी,शशिभूषण सिंह,खुशबू सिंह, पशु पक्षी मित्र हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, महक सोनी, राघवेंद्र सिंह,सौरव पांडेय व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## समन्वय कर व्यवस्थापन संबंधी समस्याओं का करें निराकरणः आयुक्त

**उमरिया।** वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय कर व्यवस्थापन संबंधी समस्याओं का निराकरण करें। आरक्षित तथा संरक्षित वन खंडों का सीमा विवाद बड़ी समस्या रही है। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं इन निर्देशों के तहत वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय कर व्यवस्थापन संबंधी समस्याओं का निराकरण करें। इस आशय के विचार वन व्यवस्थापन पर आयुक्त कार्यालय शहडोल में आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला को संबोधित करते हुए आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने मुख्य अतिथि की आसन्दी से व्यक्त किए। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में वनसंरक्षक शहडोल अजय पांडे, कलेक्टर शहडोल डॉ.केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरर्णेन्द्र कुमार जैन, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, उपसंचालक बीटीआर पीके वर्मा, वनमण्डलाधिकारी तरूणा वर्मा,



श्रद्धा पेन्द्रे, विवेक सिंह, सरला वर्मा संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, संभाग भर से आए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, वन, एसएलआर, वन परिक्षेत्राधिकारी, मानचित्रकार उपस्थित रहे। वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल अजय पाण्डेय ने की परिभाषा देते हुए बताया कि वन आरक्षित, संरक्षित छोट-बड़े झाड़ के जंगल तथा सामुदायिक या निजी भूमि में 10 हेक्टेयर या उससे अधिक क्षेत्र में 2 सौ वृक्ष प्रति हेक्टेयर की संख्या में पाए जाने पर वन की श्रेणी में माना जाएगा। आपने बताया कि आजादी के पूर्व शहडोल संभाग रीवा महाराजा के अधीन था। यहां रीवा राजा द्वारा बनाए गए नियम एवं जारी अधिसूचनाओं के आधार पर वनों का चिन्हांकन किया गया है। वन व्यवस्थापन से संबंधित समस्त दस्तावेज कलेक्टर एवं वनमण्डलाधिकारियों को उपलब्ध कराकर तेजी से वन व्यवस्थापन संबंधी समस्याओं के निराकरण की अपेक्षा है। कार्यशाला में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के वन संरक्षक पद से सेवा निवृत्त भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर श्री रमेश श्रीवास्तव ने वन व्यवस्थापन पर आने वाली समस्याओं, वनों के चिन्हांकन, उनके सीमांकन तथा राजस्व एवं वन रिकार्डों में संधारण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात प्रश्नोत्तरी एवं परिचर्चा का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## 22 अप्रैल तक चलाया जाएगा सातवां पोषण पखवाड़ा

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान का क्रियान्वयन 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक किया जाएगा । उन्होने बताया कि 8 अप्रैल को जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर केन्द्रित गतिविधियों की थीम



पर प्रभात फेरी , गोदभराई, गर्भवती महिला की पोषण थाली का प्रदर्शन, गर्भास्था के दौरान आयरन एवं कैल्शियम की दवाओ के सेवन की उपयोगिता पर चर्चा, हितग्राहियों को साप्ताहिक टेकहोम राशन का वितरण, ग्राम स्वा0 स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन, सभी गर्भवती महिलाओं का वजन एवं उंचाई माप कर पोषण ट्रैकर में प्रविष्टि, एएनएम के सहयोग से हिमोग्लोबिन की जांच एवं पोषण ट्रैकर मे प्रविष्टि, शिशु एवं माताओ में संक्रमण रोकने हेतु स्वच्छता पर चर्चा की गई । इसी तरह 9 अप्रैल को पोषण ट्रैकर मे लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने की थीम पर सायकल रैली, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं, किशोंरी बालिकाओ एवं देखभाल करने वाली माताओं के साथ पोषण ट्रैकर मे हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, भारत सरकार के पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉडयूल हितग्राही के फोन पर इंस्टॉल करवाना, हितग्राही से चर्चा, हितग्राही मॉडयूल के उपयोग से एफआरएस एवं ई के वाय सी करने में हितग्राही को सहयोग पर चर्चा की गई।

## अनशन के बाद अब हस्ताक्षर अभियान से बीमार अस्पताल के इलाज की कोशिश

**कोतमा।** पिछले कुछ दिनों से नगर के युवाओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैली व्यवस्था एवं डॉक्टर की कमी को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है । हाल में ही नगर के युवाओं द्वारा डॉक्टरों की भर्ती कराने एवं अस्पताल में फैली अवस्था को सुधारे जाने को लेकर आमरण अनशन किया गया था। चौथे दिन 27 मार्च को स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन द्वारा अनशनकारियों को जबरन उठाते हुए जिला अस्पताल ले गए थे। एक बार फिर से नगर में युवाओं द्वारा अस्पताल में डॉक्टरों की भर्ती किए जाने व स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को लेकर नगर में हस्ताक्षर अभियान 14 अप्रैल सोमवार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर नगर में प्रतिष्ठान को बंद करते हुआ गांधी चौक में आम सभा



किए जाने को को लेकर सभी नागरिकों की सहमति लेते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में देवशरण सिंह,दीपक पटेल, हामिद अली बोहरा, सचेंद्र जैन, सुनील नरवानी, प्रीतम, दीप सोनी, मनीष अग्रवाल, राजकुमार सहित अन्य लोगों ने हस्ताक्षर कर प्रतिष्ठान बंद करने एवं आम सभा किए जाने को लेकर शंखनाद कर दिया है। विदित है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले कई वर्षों से विशेषज्ञ डॉक्टर सहित एमबीबीएस डॉक्टरो का भारी अभाव देखा जा रहा है। होने वाले चार विशेषज्ञ डॉक्टर में से एक भी विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध नहीं है। इसी प्रकार 6 एमबीबीएस डॉक्टर में से मात्र 2 से 3 डॉक्टर रहते हैं जिनके उपर भी कार्य के अत्याधिक भार के कारण मरीजों को घंटे परेशानी का सामना करना पड़ता है। बीएमओ एवं डेंटल जैसे महत्वपूर्ण पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं जिस कारण जिले का सबसे बड़ा नगर कोतमा का स्वास्थ्य केंद्र रेफर सेंटर के रूप में पहचान बना चुका है।

## नगर परिषद डोला में बीएसएनएल का मोबाइल टावर न होने से उपभोक्ता परेशान

**राजनगर।** अनूपपुर जिले के राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत नगर परिषद डोला का गठन हुए लगभग 4 वर्ष से अधिक होने जा रहे हैं, डोला क्षेत्र रामनगर तथा हंसनगर मिलाकर कुल 15 वार्ड है। डोला, रामनगर क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 43, कटनी से गुमला पर स्थित है। क्षेत्र की आबादी भी लगभग 8000 से अधिक है। उसके बाद भी भारत संचार निगम लिमिटेड की मोबाइल सेवा डोला क्षेत्र रामनगर क्षेत्र में नहीं है। यह कोयलांचल क्षेत्र है।



जिसे मिनी इंडिया भी कहां जाता है। क्योंकि यहां पर हर प्रांत के लोग निवासरत हैं तथा कार्यरत हैं। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी इस क्षेत्र में भारत संचार निगम लिमिटेड विभाग द्वारा अब तक मोबाइल टावर नहीं लगाया गया। मध्यप्रदेश में बीएसएनएल की 4G सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। अनूपपुर जिले के कई क्षेत्रो में 4G सेवाएं प्रारंभ हो चुकी है। परंतु यह क्षेत्र अभी भी मोबाइल नेटवर्क से अछूता है। संपूर्ण भारत वर्ष में बीएसएनल नेटवर्क होने के कारण तथा रिचार्ज कि दरें किफायती होने के कारण है। उपभोक्ताओं में बीएसएनएल के प्रति लगाव है। डोला में मोबाइल टावर लगने से विभाग को राजस्व प्राप्त होगा तथा उपभोक्ताओं को एक अच्छी सी सुविधा मिलेगी।

## विद्युत नगरी चचाई में चैत्र नवरात्रि कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित

**चचाई।** विद्युत नगरी चचाई में इस बार चैत्र नवरात्रि कार्यक्रम कई वर्षों बाद बड़े भव्यता के साथ आधा दर्जन मंदिरों में आयोजित किया गया जिसमें काली मंदिर राम मंदिर डबल डी शंकर मंदिर दुर्गा पंडाल बाजार क्षेत्र शारदा मंदिर आदि जगहों पर विविध प्रकार के धार्मिक आयोजन किए गए। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से ही राम मंदिर में यज्ञ पूजा पाठ के साथ पंडित उमेश शुक्ला द्वारा 9 दिनों तक राम कथा का वाचन किया गया और अंत में विशाल



भंडारा किया गया इसी प्रकार बाजार दुर्गा पंडाल में राम भक्त मित्र मंडली द्वारा पंडित राजेश चतुर्वेदी द्वारा 9 दिनों तक राम कथा का संगीतमय आयोजन किया गया साथ ही विशाल भंडारा भी आयोजित हुआ।

### काली मंदिर का ऐतिहासिक जवारा विसर्जन

काली मंदिर में हर बार की तरह इस बार भी नवरात्रि में भक्तों द्वारा 9 दिनों तक जल चढ़ाने की भीड़ बनी रही साथ ही जावरा विसर्जन कार्यक्रम एक अनोखे अंदाज में विशेष गाजे -बाजे लाइट डेकोरेशन काली नृत्य के साथ बड़े उत्साह से मनाया गया जिसका पूरा श्रेय नवनियुक्त काली मंदिर समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह चंदेल के प्रायासो से हुआ। चैत्र नवरात्रि से शुरू हुए भंडारे का कार्यक्रम हनुमान जयंती तक किया जा रहा है जिसमें काली मंदिर बाजार प्रांगण राम मंदिर शारदा मंदिर डबल डी कॉलोनी और हनुमान जयंती पर बाजार में विशाल भंडारा कार्यक्रम किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हनुमान जयंती पर डबल डी में बने नये हनुमान मंदिर में भगवान बजरंगबली की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 9 अप्रैल से 13 अप्रैल तक विशाल भंडारे के साथ आयोजित किया जा रहा है एवं शारदा मंदिर कॉलोनी में स्थित शक्ति माता मंदिर परिसर में बने नये शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम व विशाल भंडारा किया जा रहा है।

## नगर परिषद जैतहरी में सर्वसम्मति से पारित हुआ 2025-26 का बजट

जैतहरी। नगर परिषद जैतहरी की परिषद सभा की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सर्वसम्मति से पारित कर लिया गया। नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी उपस्थित पार्षदों ने भाग लिया और नगर के सर्वांगीण विकास हेतु प्रस्तुत बजट का समर्थन करते हुए इसे पारित करने की स्वीकृति प्रदान की।



बैठक के दौरान बजट प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें नगर के पिछले वर्ष के विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। सभी पार्षदों ने बीते वर्ष में हुए सड़कों के निर्माण, साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार, जल आपूर्ति के सुदृढ़ीकरण, प्रकाश व्यवस्था तथा जनसुविधाओं के विस्तार जैसे कार्यों की सराहना की। उन्होंने अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता की नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष में नगर के विकास कार्यों को और अधिक गति प्रदान की जाएगी। बजट में स्वच्छता, शिक्षा, जल निकासी, हरित क्षेत्र विकास, डिजिटल सुविधा विस्तार और युवा कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सम्मिलित किया गया है। अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने सभी पार्षदों और अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नगर के विकास के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पारित बजट के अंतर्गत प्राप्त निधियों का पारदर्शिता और प्राथमिकता के आधार पर सदुपयोग करते हुए नगर परिषद जैतहरी को एक आदर्श नगर परिषद के रूप में स्थापित किया जाएगा। बैठक में सीएमओ भूपेंद्र सिंह, नगर परिषद कर्मचारी, उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर नगर के समेकित विकास के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण रखने का संकल्प लिया। यह सर्वसम्मति से पारित बजट न केवल नगर परिषद जैतहरी के सुशासन का प्रतीक है, बल्कि नागरिकों की उम्मीदों और अपेक्षाओं पर खरा उतरने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

## लगी आग, दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

### सामान सहित बाईक जल कर हुईं राख संविलियन कर्मचारी कार्य आवंटन के बाद भी रहें अनुपस्थित, मस्टर कर्मचारियों ने सम्हाला मोर्चा




**राजनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद डोला के वार्ड नं. 8 में तक़रीबन 7:30 बजे आग लगने से बाईक सहित लाखो का सामान जलकर हुआ राख। वहीं लोगों की मदद से घर में रखे सामान को बाहर कराया गया साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को भी आग लगने की जानकारी दी गई। जिस पर मौके पर पहुंचे डोला अध्यक्ष प्रतिनिधि रीनू सुरेश कोल, उपाध्यक्ष रवि शंकर तिवारी, पार्षद सहित डोला दमकल की टीम द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन रुम में रखी बाईक व ट्रकों के टायरो में आग लगने की वजह से आग़ की लपटें तेज हो गई थीं। जिस पर बनगवां (राजनगर) अध्यक्ष यशवंत सिंह को भी आग की जानकारी दी गई। जिस पर उनके द्वारा भी अपनी परिषद के दमकल की टीम को मौके स्थल पर रवाना किया गया वहीं नगर परिषद डोला मस्टर कर्मचारी व नगर परिषद बंनगवा मस्टर कर्मचारियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोला राजेश मार्को द्वारा न्यायालय के आदेश पर 7 अप्रैल को समस्त कर्मचारियों को कार्य आवंटन किया गया था। जिसकी कॉपी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सहित डोला नगर परिषद के नोटिस बोर्ड पर भी चश्पा की गई थी। लेकिन आज देखा गया कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी सुबह 6 से 2 बजे लगाई गई थी। वह महिला कर्मचारी सहित फायरमैन वाहन चालक भी अपने ड्यूटी से नदारद रहे हैं। अब देखना है, कि प्रशासन इन पर कार्यवाही करती है या अभयदान देती हैं।

### मस्टर कर्मचारियों ने सम्हाला मोर्चा

नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आगजनी जैसी गंभीर मामलों पर उन कर्मचारियों की लापरवाही है जिनकी सुबह ड्यूटी लगी थी। आज इनकी लापरवाही से एक गरीब का घर जलकर राख हो गया। नगर परिषद डोला मे जिन संविलयन कर्मचारियों की ड्यूटी रात्रि 12 से सुबह 8 बजे थी। लेकिन सभी अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं थे। आग लगातार बढ़ते ही जा रही थी। साथ ही पड़ोस के घर तरफ बढ़ रही थी। जिससे नगर के लोगों द्वारा सुनील गुप्ता के घर का सामान बाहर कराया गया। जिससे अन्य रुम में रखे सामनों को बचाया गया। डोला परिषद के मस्टर कर्मचारी रिंकू दुबे, बबन, ओमप्रकाश, प्रशांत कोल, अनुज नाहर, शनि खरे व नगर परिषद बनगवां के मस्टर कर्मचारियों मे धनंजय यादव, अखंड प्रताप सिंह, अजय शंकर उपाध्याय, अभिलेष विश्वकर्मा द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### इनका कहना है

कार्य आवंटन किया जा चुका है, जिनकी ड्यूटी लगी थी वे सभी उपस्थित नहीं थे। उनसे जवाब मंगाया जायेगा। मस्टर कर्मचारियों व नगर वासियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

**रीनू सुरेश कोल, अध्यक्ष**
**नगर परिषद डोला**

## खबर संक्षेप

### 20 मई को होगी एक दिवसीय हड़ताल तो 13अप्रैल को संयुक्त कन्वेंशन



**जमुना/बदरा।** हसदेव क्षेत्र एवं जमुना कोतमा क्षेत्र के अल्प प्रवास पर आए एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कामरेड हरिद्वार सिंह ने कहा कि चार लेबर कोड लागू करने के सरकार के फ़ैसले के विरोध में दस ट्रेड यूनियनों ने 20 मई को एक दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है लेबर कोड लागू होने से मज़दूरों को मिले सभी अधिकार छीन लिए जाएंगे मज़दूरों को गुलाम बना दिया जाएगा हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी राज्यों में कन्वेंशन किया जाएगा सेक्टोरल बैठक किया जाएगा इसी संदर्भ मे 13 अप्रैल को भोपाल गांधी भवन में सुबह 11 बजे से संयुक्त कन्वेंशन आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रदेश के सभी उद्योगों से मानदेय प्राप्त लोगों को बुलाया गया है कामरेड हरिद्वार सिंह ने संबंधित ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों से कहा है कि 13 अप्रैल को भोपाल पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं एक प्रश्न के उतर कामरेड सिंह ने कहा कि आनेवाला समय मज़दूरों के लिए बहुत घातक है।

### राजेंद्रग्राम पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों के किया सुपुर्द



**राजेन्द्रग्राम।** नन्दकुमार कन्नौजिया पिता रामप्रसाद कन्नौजिया उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनी थाना राजेन्द्रग्राम ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी लड़की परिवर्तित नाम नेहा कन्नौजिया जो नाबालिक है दिनांक 28/03/2025 को रात्रि में मुझे बिना बताए कही चली गई है फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 53/2025 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण कि विवेचना के दौरान बालिका को दिनांक 06/04/2025 को पुणे महाराष्ट्र से बुलवाकर थाना राजेंद्रग्राम में दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया है। प्रकरण में आरोपी की पता तलाश की गई दिनांक 07/04/2025 को विधि विरुद्ध बालक को ग्राम देवरा से दस्तयाब कर मेडिकल परीक्षण उपरांत किशोर न्याय बोर्ड अनूपपुर पेश किया गया है जहां से विधि विरुद्ध बालक को बाल संप्रेक्षण गृह रीवा में भेजा गया है।

### ई श्रम पोर्टल पर गिग, प्लेटफार्म वर्कर्स के आयोजित किए जाएंगे शिविर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों के साथ-साथ गिग, प्लेटफार्म वर्कर्स सहित सभी श्रेणियों के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु योजनाओं के प्रभावी वितरण के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस ई श्रम पोर्टल के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। राज्य शासन व्दारा गिग, प्लेटफार्म वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा लक्षित करते हुए इस श्रेणी के श्रमिको को संबल योजना से जोड़ा गया है । उन्हे ई श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा और पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे । जिसे दृष्टिगत रखते हुए शिविर आयोजित कर ई श्रम पोर्टल पर गिग, प्लेटफार्म वर्कर श्रमिकों को पंजीकृत करने के लिए एक लक्षित विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है । उन्होने बताया कि 17 अप्रैल तक विशेष पंजीकरण शिविर आयोजित कर गिग, प्लेटफार्म वर्कर्स को ई श्रम व संबल पोर्टल पर पंजीकरण कर परिचय पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होने मुख्य कार्यपालन अधिकारी करकेली, मानपुर, पाली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमरिया, पाली, चंदिया, नौरोजाबाद, मानपुर तथा जिलाप्रबंधक सी एस सी सेंटर से कहा है कि नगरीय निकायो में नगर पालिका कार्यालय एवं कार्य स्थल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत मुख्यालय एवं ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर गिग, प्लेटफार्म श्रमिकों का ई श्रम पोर्टल तथा संबल पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### लुके छिपे चल रहा है नगर में सट्टे का करोबार पुलिस ने किया मामला दर्ज

**बुढार।** पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश के बाबजूद भी नगर में अवैधिक गतिविधियों में इजाफा होने लगा है साथ ही सट्टा जुआं कबाड़ शराब का अवैध कारोबार नगर में इन दिनों पुनः लुके छिपे सट्टे का करोबार पैर पसार रहा है नगर के लखेरन टोला, सिन्धी बाजार के समीप पान की गुमटियों की आड़ में किया जा रहा है अंकगणित का खेल पुलिस की नजर में तो अवैध गतिविधियों बंद है लेकिन सट्टे जुआं की कार्रवाई करने से पुलिस नहीं चुक रहीं हैं। पुलिस के अनुसार आपस में पैसे की जीत हार लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने सोनारन टोला में शिवम सोनी पिता रमेश उम्र 27 वर्ष को सट्टा पर्ची कटते रंगेहाथ पकड़ कर 2 सौ 50 रुपए की जप्ती कर सटोरिया शिवम के विरुद्ध जुआं का मामला दर्ज किया है।

### हितग्राहियों से 30 अप्रैल तक ई-केवायसी कराने की अपील

**कटनी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। योजना में प्राथमिकता परिवारों को 05 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य व अन्त्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। साथ ही सभी हितग्राहियों को नमक का वितरण 01 रूपये प्रति किलो की दर से एवं अन्त्योदय परिवारों को शक्कर का वितरण 20 रूपये प्रति किलो की दर से किया जा रहा है। सभी पात्र हितग्राहियों को ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि ऐसे हितग्राही जिन्होंने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवायसी नहीं कराई है, वे उचित मूल्य दुकान के विक्रेता से सम्पर्क कर 30 अप्रैल 2025 के पूर्व ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करा लें अन्यथा हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है।

### जल संरक्षण और संवर्धन का जन आंदोलन

**कटनी।** वर्षा जल को सहेजने और पानी की एक- एक बूंद बचानें हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान जन आंदोलन का रूप ले चुका है। जिसके परिणाम स्वरूप रोजाना जन- जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों श्रमदान के माध्यम से जल स्त्रोतों की सफाई, चौपाल, संगोष्ठी, चित्रकला प्रतियोगिता, दीवार लेखन आदि गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मंगलवार को सीएमसीएलडीपी एवं एम.एस.डब्लयू की छात्राओं द्वारा जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण का संदेश प्रसारित करते हुए संदेशों का दीवार लेखन किया गया। छात्राओं द्वारा कटनी के अमीरगंज वार्ड क्रमांक 45, शिवाजी वार्ड, ग्राम हिरवारा, हरदुआ, ढीमरखेड़ा, खमतरा, सहित अन्य स्थलों में आम नागरिकों को जल को सहेजने, जल के प्रति अपनी आवश्यकता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम में दीवारों पर सुंदर सचित्र दीवार लेखन के माध्यम से जल के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। तथा जल का सदुपयोग करें एवं उसे व्यर्थ न जाने दें, जल ही जीवन है तथा जल के बिना जीवन संभव नही है, यह दीवार लेखन का कार्य सोनाली दुबे, संगता, रोशनी कुशवाहा, शालिनी मांझी, भारती गौंड आदि छात्राओं के द्वारा किया गया।

### बिजली हादसों से बचने के लिए किया आगाह

**कटनी।** बिजली विभाग ने आम जनता तथा खेतों में काम करने वाले किसानों को आगाह किया है कि वे अपनी फसलों और घास की ढेरियां हाईटेंशन लाइनों से दूर लगाएं। विभाग ने कहा है कि जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बना कर ही अपनी फसलों को रखें।

# महिला बाल विकास विभाग ने रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश

**बुढार।**

बुधवार को महिला बाल विकास परियोजना विभाग के द्वारा धनपुरी भाग 2 में पोषण पखवाड़ा के द्वितीय दिवस में महिला हितग्राही एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर में रैली निकालकर जागरूकता का संदेश दिया।
दो सप्ताह चलने वाले सातवें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज लारोकर के निर्देशन एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती राजकुमारी पांडेय के द्वारा समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।




## धार्मिक संगठनों ने शुरू की हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी



**अनूपपुर।** 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव को लेकर जिले भर में तैयारियां जोर-जोर से शुरू कर दी गई हैं। जिले के कोतमा बिजुरी राजनगर रामनगर अमरकंटक राजेंद्र ग्राम जैतहरी वेंकटनगर चचाई बरगवां अमलाई बदरा भालूमाड़ा जमुना कालरी लहसुई कैंप संजय नगर देवहरा मे जन्मोत्सव को लेकर सुबह से रामायण मंडली द्वारा अखंड मानस सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा। कोतमा नगर के ठाकुर बाबा धाम मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर हनुमान जन्मोत्सव सेवा समिति हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जोर-जोर से तैयारी कर रही हैं। भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव पर नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा पाठ भंडारा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से धर्मशाला मंदिर, विकास नगर तहसील प्रांगण मंदिर, दक्षिण मुखी मंदिर, थाना परिसर हनुमान मंदिर, लहसुई कैंप मंदिर दैखल हाइवे रोड में स्थित सिद्ध बाबा हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों पर जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस पर विद्यालय में बच्चों ने दिखाया जोश और प्रतिभा

**अनूपपुर।**

क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनूपपुर में विविध खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर खेल भावना, अनुशासन और उमंग से सराबोर हो गया। छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद, ऊँची कूद, भाला फेंक, तवा फेंक और 100 मीटर दौड़ जैसी रोमांचक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। खेल मैदान पर बच्चों की ऊर्जा, समर्पण और प्रतिस्पर्धा की भावना देखने योग्य थी। खेल शिक्षक दीपक पटेल ने विद्यार्थियों को खेलों की तकनीकी जानकारी के साथ-साथ खेल भावना और टीम वर्क का भी प्रशिक्षण दिया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य सतीश सिंह और आचार्य महेन्द्र सिंह ने अपनी उपस्थिति और मार्गदर्शन से कार्यक्रम को प्रेरणादायक बनाया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना था। खेलों के माध्यम से बच्चों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि अनुशासन और निरंतर प्रयास से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

## बसनिहा में आयोजित हुआ 9 दिवसीय श्रीमद् वाल्मीकि राम कथा

**अनूपपुर।**



राजेन्द्रग्राम से लगे रीवा अमरकंटक मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम बसनिहा में 09 दिवसीय मद बाल्मीकि रामकथा का भव्य आयोजन श्रद्धा आस्था के साथ 31 मार्च को भव्य कलश यात्रा निकाली गई उक्त आध्यात्मिक आयोजन से समूचे गांव को भक्ति के रंग में रंग दिया एवं बसनिहा गांव इस आयोजन के माध्यम से भक्ति एकता और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा। उक्त श्रीरामकथा में वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक अनुराग शास्त्री ने प्रतिदिन भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। जिसे श्रवण करने कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी जहां हर रोज श्रोतागण प्रभु श्रीराम की लीलाओं में डूबते चले गए। कथा के दौरान राम जन्म ताड़का वध सीता स्वयंवर राम वनवास रावण वध जैसे प्रसंगों को भावनात्मक शैली में प्रस्तुत किया गया जिससे श्रोता भाव-विभोर हो उठे।

### श्री पवनपुत्र हनुमान रहे आकर्षक का केंद्र

पवनपुत्र हनुमान जी का वर्णन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथावाचक अनुराग शास्त्री ने उनकी भक्ति वीरता और श्रीराम के प्रति समर्पण की झांकी कुछ इस तरह बताया की पूरा पांडाल "जय बजरंगबली" के जयकारों से गूंज उठा। लंका दहन संजीवनी बूटी लाना और अशोक वाटिका में सीता माता से भेंट जैसे प्रसंगों ने कथा में जोश और उल्लास भर दिया।कथा के प्रत्येक दिन ग्राम वासियों ने सेवा कार्यों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। समापन अवसर पर विशेष आरती और सुंदर झांकी निकाली गई जिसने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## तीसरी आंख की रतौंधी में लुट गया भोला माइकल

# चौक के किराना व्यापारी की दुकान में चोरों ने किया हाथ साफ

**धनपुरी।**





स्थानीय माइकल चौक स्थित गोल बाजार में किराए की दुकान लेकर व्यवसायरत महेश राय उर्फ भोला पिता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद राय की दुकान में चोरों ने बीती रात्रि हाथ साफ किया और तकरीबन 28 हजार रुपए का माल लेकर चंपत हो गए। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यदि नगर की सुरक्षा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे यानी तीसरी आंख रतौंधी का शिकार ना होते तो आज इस गरीब व्यापारी को इस तरह लुटना नहीं पड़ता। इसके अलावा भी आए दिन इस प्रकार की घटनाएं होती रही है जिन पर अंकुश का कोई पुख्ता इंतजाम फिलहाल नहीं है। धनपुरी थाने से मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी महेश राय उर्फ भोला पिता स्व. राजेन्द्र प्रसाद राय उम्र 39 वर्ष नि. वार्ड नं. 15 माईकल चौक धनपुरी थाना धनपुरी जिला शहडोल का हमराह रितिक नामदेव के उपस्थित थाना आकर जवानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि मै गोल बाजार सब्जी मंडी मे कालरी का कमरा (एसईसीएल) किराये मे लेकर किराना दुकान किया हूँ। कल दिनांक 08.04.2025 के रात करीबन 09.20 बजे मै अपनी दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। आज दिनांक 09.04.2025 के सुबह करीबन 09.30 बजे दुकान आकर दुकान का सटर खोला तो देखा कि दुकान की पीछे वाली शीट से रोशनी आ रही थी दुकान का सामान अस्त व्यस्त पडा था। पीड़ित ने बताया कि रात में कोई अज्ञात चोर शीट को तोडकर अन्दर घुसकर दुकान मे रखे किराना सामान महाकोष 08 पेटी, महाकोष जार 02 पेटी, फेयर एंड लवली 06 पीस, लक्स साबुन 04 सेट, जाश्मीन नारियल तेल 06 पीस, सरसो आवला 03 पीस, सेनसोडायन पेस्ट 10 पीस, राई का तेल 02 पेटी, मासाला 30 पैकेट, पाऊड्स क्रीम 08 पीस, बीडी 01 पूडा, राजश्री 52 पैकेट, तीली का तेल 09 पीस, लाईफब्याय साबुन 05 सेट, शंकर पापड 07 पैकेट, दलिया 05 पैकेट, पोहा 04 पैकेट, तनमन निरमा 02 पैकेट कुल कीमती 28000 रु. का कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। उक्त किराने की सामान का बिल नहीं लाया हूँ बाद मे बिल लाकर पेश करूंगा। दुकान से चोरी गया समान मिलाने के बाद थाना रिपोर्ट करने आया हू रिपोर्ट करता हूँ कार्यवाही की जाये।सालों से बंद कैमरेधनपुरी में सीसी कैमरे सालों से बंद पड़े हैं। नगर पालिका के द्वारा करोड़ों रुपए निर्माण हो रहे लेकिन नगर के लिए सीसी कैमरा की व्यवस्था न होने के चलते आज कहीं गोल बाजार से तो कहीं आजाद चौक से तो कहीं स्वामी विवेकानंद स्टेज के सामने से चोरी के वारदात हो रहे हैं बताया जाता है कि दो-तीन महा पूर्व एक बुलेट हुई थी जिसकी जानकारी आज तक नहीं हुई इसी तरह से छुटपुट घटनाएं चोरों के द्वारा किए जाते हैं लेकिन सीसी कैमरा के अभाव में पुलिस चोर तक नहीं पहुंच पाती है। गोल बाजार किराना दुकान से किराना सामग्री 28000 की चोरी चोरों के द्वारा चोरी को अंजाम दिया गया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का कल होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

फेडरेशन ऑफ मप्र टेंट एसोसिएशन के नवनिर्वाचित चेयरमैन अजय सरावगी ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से जानकारी दी कि कल 10 अप्रैल गुरुवार फेडरेशन का शपथ ग्रहण समारोह एवं त्रैमासिक बैठक का आयोजन झिंझरी में 11 बजे से आयोजित है। प्रांतीय बैठक के पश्चात एसोसिएशन का जिला प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित है जिसमें कटनी जिले की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।। चिकित्सा के क्षेत्र में जबलपुर के हृदयरोग विशेषज्ञडा पुष्पराज पटैल को कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। इस बैठक में ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जिंदल जयपुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल राव हरियाणा एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पंकज शौकीन दिल्ली के अतिथ्य में प्रदेश अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा की अध्यक्षता में प्रदेश संयोजक रामबाबू शर्मा फेडरेशन के चेयरमैन अजय सरावगी महासचिव राजेश हार्डिया एवं प्रदीप अग्रवाल गुड्डा भैया कोषाध्यक्ष संजय जैन सहित प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे कटनी टैंट लाइट एसोसिएशन का जिला प्रतिभा सम्मान समारोह कटनी के समस्त टेंट व्यवसाईयों के परिवार की उपस्थिति में संपन्न होगा। इस आयोजन को जो की हिंदुस्तान के सेंटर प्वाइंट कटनी जिले में होने जा रहा है। जिला प्रतिभा सम्मान 2025" समारोह का मुख्य उद्देश्य जिले की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्य से कटनी का नाम रोशन किया है। यह मंच उन प्रतिभाशाली व्यक्तियों को पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम खितौली में नहरों की सफाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही**



बरही तहसील अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संपूर्ण जिले में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड बडवारा के सेक्टर खितौली के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिडरा में नवांकुर संस्था खितौली के समन्वय एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खितौली के सहयोग से जल संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेजसिंह केशवाल के निर्देश पर एवं ब्लाक समन्वयक नंदनी वाटिया जीके मार्गदर्शन में सभी जल स्त्रोतों में अधिकतम वर्षा जल को संचित किया जा सके। साथ ही बरसात के पानी को अधिक से अधिक जमीन के अंदर पहुंचाने की दृष्टि से घर -घर में सोख्ता गड्ढा बनाया जाना जरूरी है, जिसके लिए हम सभी प्रयास कर जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें जिससे हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो सके।

खितौली संस्था प्रमुख मनोज तिवारी ने भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी, जिसमें जन जागरूकता के लिए दीवार लेखन चौपाल संगोष्ठी रैली और जल स्त्रोतों के श्रमदान से साफ सफाई और गहरीकरण विशेष रूप से शामिल हैं, आयोजन में ग्राम वासियों के सहयोग से श्रमदान करते हुए साफ सफाई और गहरीकरण किया गया, जिसमें सरपंच सुकसेन सिंह, मिथलेश त्रिपाठी, शिवकांत चतुर्वेदी, संतोष सिंह, मैकू आदिवासी,मोहन साहू एवं समस्त ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## सुरभि महिला समिति ने खान परिसर गेट पर गर्मी में राहत हेतु पानी प्याऊ का शुभारंभ किया

**धनपुरी।**



सोहागपुर, एरिया श्रद्धा महिला मंडल के विशेष सुरभि महिला समिति मार्गदर्शन में सोहागपुर कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न खान यूनिटों में मुख्य गेट पर गर्मी के मौसम में राहगीरों और कालरी कर्मचारियों के लिए राहत प्रदान करने हेतु ठंडे पेयजल की सुविधा का शुभारंभ किया। यह सराहनीय पहल दामिनी माइंस, राजेंद्र माइंस, शारदा ओसीएम तथा सोहागपुर एरिया कार्यालय के मेन गेट पर आयोजित की गई।उद्घाटन समारोह में विशेष आकर्षणराजेंद्र भूमिगत माइंस के गेट पर आयोजित उद्घाटन समारोह में फीता काटकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। समारोह में मुख्य अतिथि और सुरभि महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अर्पणा श्री कृष्ण ने न केवल उद्घाटन किया, बल्कि उपस्थित लोगों को चना गुण शरबत भी पिलाकर इस पहल का स्वागत किया। खान यूनिट के प्रबंधक एवं कालरी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने इस आयोजन की महत्ता को और बढ़ा दिया।आगामी दिनों में जारी रहेगी राहत की व्यवस्थाउद्घाटन के उपरांत खान प्रबंधक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि पूरे गर्मी माह में खान परिसर के रास्ते पर ठंडे पेयजल की सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए। राजेंद्र भूमिगत माइंस के खान प्रबंधक श्री पी. बेलनो कृष्णा समेत कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।सामुदायिक सेवा में सुरभि महिला समिति का योगदानसुरभि महिला समिति का यह प्रयास स्थानीय समुदाय के प्रति संवेदनशीलता और सहानुभूति को दर्शाता है। समिति ने बताया कि इस तरह की पहलों के माध्यम से न केवल खान परिसर के कर्मचारियों और राहगीरों को राहत मिलेगी, बल्कि आसपास के गांवों में जरूरतमंद लोगों की सहायता करते हुए सामुदायिक एकजुटता को भी बल मिलेगा।इस प्रकार, सुरभि महिला समिति द्वारा शुरू की गई यह पहल स्थानीय कर्मचारियों एवं यात्रियों के लिए राहत का संदेश लेकर आई है, जिससे सामाजिक और सामुदायिक सहयोग की भावना को नई दिशा मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### 9 मेडिकल स्टोर्स में अनियमितताएं पाए जाने पर नोटिस जारी

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार औषधि निरीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ एनकोर्ड के तहत दिए गए गाइडलाइन के पालन हेतु तथा नारकोटिक दवाओं के दुरुपयोग को रोकने हेतु एवं मेडिकल स्टोर्स के नियमानुसार सुचारु रूप से संचालन हेतु जिले में मेडिकल स्टोर्स का सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिले के 9 मेडिकल स्टोर्स में विभिन्न अनियमितताएं पाईं गईं। इस हेतु संबंधित मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियम 66 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में संचालकों को कहा गया है कि तीन दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। समय सीमा में नियमानुसार जवाब प्रस्तुत न करने पर ड्रग लाइसेंस निरस्त/निलंबन की प्रक्रिया की जावेगी।

### सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक

**अनूपपुर।** प्रदेश में व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। इस पर सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा ''जीवन के प्रथम 1000 दिवस'' पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंध तथा बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपने पर बाल जैसे थीम पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र सेक्टर, परियोजना एवं जिला स्तर की गतिविधियों में स्थानीय पोषण संसाधनों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता और पोषण संवेदनशील कार्यक्रम जैसे आयोजन किए जाएंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों में दैनिक गतिविधियों की तिथिवार थीम आधारित कैलेंडर तैयार किया गया है। सभी जिलों में पखवाड़ा के दौरान साइकिल रैली, पोषण रैली, प्रभात फेरी, गर्भवती महिलाओं और धात्री माता एवं किशोरी बालिकाओं के साथ पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने मनोज द्विवेदी

**अनूपपुर।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार



एवं एक अखबार के स्थानीय संपादक मनोज कुमार द्विवेदी को मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। द्विवेदी को प्रदेश स्तर पर दायित्व सौंपे जाने पर पत्रकार बन्धुओं और शुभचिंतकों ने उन्हे शुभकामनाएँ देते हुए प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया को धन्यवाद प्रेषित किया है। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के नव निर्वाचित प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने 8 अप्रैल को अपनी प्रदेश कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की। भदौरिया की नवीन कार्यकारिणी में मनोज द्विवेदी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने इसे प्रदेश कार्यकारिणी में अनूपपुर का सम्मान बतलाते हुए कहा कि मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, पत्रकारिता और पत्रकारों की मजबूती के लिये हर संभव प्रयास करुंगा। उन्होंने स्वयं पर भरोसा जताने और प्रदेश स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपने के लिये प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के प्रति आभार प्रकट किया है। द्विवेदी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर शहडोल, अनूपपुर, उमरिया सहित अन्य जिलों के पत्रकारों ने शुभकामनाएँ प्रदान की हैं। ज्ञात हो कि श्री द्विवेदी इससे पूर्व अनूपपुर महा सविव, जिलाध्यक्ष, शहडोल संभाग के अध्यक्ष, प्रदेश सचिव, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष मण्डल के प्रदेश सह संयोजक तथा मुरैना प्रांतीय महाधिवेशन 2025 में प्रदेश निर्वाचन अधिकारी के पद पर कार्य कर चुके हैं।

## किरर घाट के 'तंग' मोड़ ने जीवन का 'रंग' किया 'बेरंग'

# एक ही गांव से उठी तीन की अर्थी, पसरा मातम






**किरर घाटी में बस ऑटो के बीच भीषण सड़क हादसे मे 3 की मौत, 5 घायल**

**कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक घायलों का हालचाल जानने पहुंचे जिला चिकित्सालय**

**घटना के बाद कलेक्टर ने सुरक्षा उपायों के सम्बन्ध में जारी किये आदेश**

अनूपपुर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत किरर घाटी के छीरा पटपर के पास रीवा अमरकंटक मार्ग में बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे शहडोल से डिंडौरी जा रही नफीस कम्पनी की बस और ऑटो की जोरदार भिड़ंत से ऑटो में सवार दो महिला एवं एक पुरूष की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 05 घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जिनका कुशलक्षेम जानने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक पहुंचे व बेहतर इलाज के निर्देश दिये।

अनूपपुर। जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे नफीस बस क्रमांक एमपी 18 जेड एफ 9786 जो शहडोल से डिंडौरी जा रही थी। इसी दौरान ग्राम किरर के पास ऑटो क्रमांक एमपी 65 जेडबी 3401 ग्राम बडहर से अनूपपुर आ रहा जो सीधे बस से जा टकराया, ऑटो में 8 लोग सवार थे घटना में 3 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, वहीं 5 घायल हैं जिनका इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है। मृतकों में मोहवती सिंह गोड़ पति जगन्नाथ सिंह उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम बरहर अनूपपुर, सुखिया बाई गोड़ पति मोतीलाल सिंह गोड़ उम्र 50 वर्ष ग्राम भमरहा, राजेन्द्रग्राम, रामकुमार सिंह गोड़ पिता दशरथ सिंह गोड़ उम्र 40 वर्ष ग्राम बड़हर अनूपपुर हैं। घायलों में 65 वर्षीय माधव सिंह पिता रामा, अमित चौधरी पिता कतकु, दुगार्वती पति बालकरण गोड तीनो निवासी ग्राम बड़हर, 45 वर्षीय छोटेलाल उर्फ लल्लू यादव ग्राम पिता कठा ग्राम खोह एवं राजबती निवासी धनपुरी शहडोल निवासी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है वही बस में सवार कुछ यात्रियों को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच में जुटी है। नफीस बस ड्राइवर सत्तार अहमद पिता फारुन अहमद उम्र 65 वर्ष निवासी वार्ड न. 12 नरेंद्रनगर रीवा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह हादसा किस वजह से हुआ पुलिस की जांच के बाद सच सामने आ सकेगा।

### घटना के बाद सतर्क हुआ जिला प्रशासन

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने जिले में यात्री बसों के तीव्र गति से चलाने व दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा उपायों के सम्बन्ध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार जिले में चलने वाली समस्त यात्री बसों में स्पीड गर्वनर का लगाना अनिवार्य होगा। स्पीड गर्वनर में उक्त यात्री बसों की अधिकतम गति 60 कि.मी. प्रति घण्टा से अधिक नहीं होनी चाहिए। यात्री बसों के सभी चालकों को मेडिकल की दृष्टि से फिट होना चाहिए तथा वाहन चालकों के लाइसेंस जारी करने एवं नवीनीकरण करने के समय उनके 60 वर्ष की आयु व चिकित्सा प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में विशेष ध्यान दिया जावे। आदेश में यह भी कहा गया है कि यात्री बस के सभी वाहन चालक अपने साथ लाइसेंस एवं चिकित्सा प्रमाण पत्र रखेगे तथा वाहन चालकों को शराब का सेवन कर यात्री बसों का संचालन करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यात्री बसों के चालक दृष्टिदोष कलर ब्लाइंडनेस न हो इस संबंध में नेत्र चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाण पत्र वाहन चालक अपने साथ रखेगें। सभी यात्री वाहन के चालकों/परिचालकों को निर्धारित वर्दी में होना चाहिए। वाहन चालक को अपने साथ वाहन का वैध लाइसेंस, वैध पंजीयन, बीमा, फिटनेस परमिट, प्रदूषण से सम्बन्धित प्रमाण पत्र की प्रति रखना अनिवार्य होगा। सभी यात्री बसों में आपात कालीन द्वार चालू हों एवं वीएलटीडी तथा पैनिक बटन लगा होना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी यात्री बसों में अग्नि शमन यंत्र की सुविधा अनिवार्य है। सभी यात्री बसों में प्राथमिक उपचार वाक्स रखना अनिवार्य होगा। यात्री बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री एवं माल का परिवहन करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। समस्त यात्री वाहनों में रिफलेक्टरटेप बस के आगे-पीछे लगाना अनिवार्य होगा।उपरोक्त मापदण्डों के अनुसार जिले में यात्री बसों के संचालन हेतु कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी, पुलिस विभाग एवं यातायात विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। वाहन स्वामी/वाहन चालकों द्वारा उपरोक्त मापदण्डों का उल्लंघन करने की स्थिति में म.प्र.शासन परिवहन विभाग मंत्रालय भोपाल के अधिसूचना 06 मार्च 2023 एवं 08 मई 2023 के प्रावधानों के तहत प्रश्मन एवं नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### घायल मरीजों से कुशलक्षेम जानने जिला अस्पताल पहुंचे डीएम व कप्तान

किरर घाट के पास बस एवं ऑटो के आपसी भिड़ंत में 5 गंभीर घायल जिला चिकित्सालय मे उपचाररत हैं जहां कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने तत्काल पहुंच मरीजों एवं उनके परिजनों के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता दिखाते हुए उनका कुशलक्षेम जाना और मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान कलेक्टर ने घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा चिकित्सकीय और पैरामेडिकल स्टाफ को मौके पर दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों को मृतकों एवं घायल मरीजों के परिजनों को शासन द्वारा निर्धारित सहायता राशि दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर के निर्देश पर मृतकों एवं घायलों के परिजनों को रेडक्रास मद से तात्कालिक सहायता राशि भी प्रदान की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.सी. राय, तहसीलदार अनुपम पाण्डेय, थाना प्रभारी कोतवाली सहित प्रशासन एवं पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## खोडरी नम्बर 1 रोजगार सहायक भ्रष्टाचार में भी नंबर 1

# अपने नजदीकी रिश्तेदारों के नाम कर रहा फर्जी भुगतान

अनूपपुर।




महात्मा गांधी नरेगा का उद्देश्य देश भर के ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है जिसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान किया जा सके परन्तु ग्राम पंचायत के कुछ नुमाइंदे इसमें बट्टा लगाने से बाज नही आ रहे है। जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खोडरी नम्बर 01 के ग्रामीणों ने जन सुनवाई में कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लिखित शिकायत देकर बताया गया की महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत चल रहे खेत तालाब योजना में रोजगार सहायक द्वारा फर्जी मस्टर रोल भरकर अपने सगे संबधियो करीबी रिश्तेदारों के नाम हाजिरी भरकर शासकीय राशि का आहरण कर लिया गया है।

### जांच कमेटी की रिपोर्ट की कार्यवाही लंबित

ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुये जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ट शर्मा ने तत्यकाल एक जांच कमेटी का गठन कर उक्त पूरे मामले की जांच के आदेश दिये जिस पर जांच की प्रक्रिया तो कमेटी द्वारा पूर्ण कर लिया गया परन्तु एक माह बीत जाने के बाद भी संबधित व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। ग्राम पंचायत खोडरी नम्बर 01 में पंचायत पदाधिकारियों द्वारा पांचवे वित्त सहित अन्य मदो से क्रय की गई सामग्री के भुगतान सुदा बिलो को जानबूझकर ब्लर करके लगाया गया है जो अपने आप मे संदेहास्पद है पंचायत दर्पण में फीड बिल पारदर्षिता के दृष्टिकोण से सार्वजनिक किया गया है जिसे जो भी ग्रामीण चाहे कभी भी पोर्टल खोल कर आय ब्यय की राशि देख सकता है जिसे छिपाने के उद्देश्य से जिले की अधिकांश पंचायतों द्वारा ऐसा किया जाता है जिससे पंचायत का भ्रष्टाचार उजागर ना हो सके।

### घर बैठे कार्यो का मूल्यांकन उपयंत्री की भूमिका संदिग्ध

ग्रामीणों द्वारा उक्त मस्टर रोल में भरी गई फर्जी हाजरी के पीछे उपयंत्री की संदिग्ध भूमिका का आरोप लगाया है उन्होंने बताया की पंचायतों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत चल रहे कार्यो का उपयोग किये गये मस्टर रोल का सत्यापन उपयंत्री मौके से ना जाकर घर बैठे ही कर दिया जाता है जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इस मामले मे जनपद पंचायत अनूपपुर के उपयंत्री दुर्गेश अग्रवाल का कहना है कि मुझे नही पता कि मस्टर रोल में भरे गये मजदूर कौन राम है और कौन श्याम और वो व्यक्ति पंचायतकर्मियों के रिश्तेदार है या नही वही जिला पंचायत अनूपपुर के संदीप शुक्ला ने कहा कि हमने सीईओ सर के निर्देशन में खोडरी ग्राम पंचायत की जांच कर रिपोर्ट सौंप दिये है साहब छुट्टी में है आने के बाद ही कार्यवाही हो पाएगी।

### इनका कहना है

शिकायत पूरी तरह निराधार है कोई भी फर्जी हाजिरी नहीं भरा गया है। मार्च का महीना होने के कारण 2-3 लोगो को जरूर दूसरे के नाम से 100 दिन पूरा करने के लिये हाजिरी भरी गई है।

**मनोज जायसवाल, रोजगार सहायक**
**ग्राम पंचायत खोडरी नम्बर 01**

हाँ पंचायत दर्पण में ब्लर बिल फीड हो गये है लेकिन बिलो का सत्यापन किया जा सकता है। सभी वास्तविक बिल लगाया गया है आगे से ब्लर करके बिल फीड नहीं करूंगा।

**रामखेलावन साहू, सचिव**
**ग्राम पंचायत खोडरी नम्बर 01**

## कल्याणिका विद्यालय अमरकंटक के छात्रों ने किया विद्यालय का नाम रोशन

**अमरकंटक।** कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन अमरकंटक के छात्र-छात्राओं का एक दल शहडोल मे ऑल इंडिया ओपन के रेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था जिसका आयोजन 2 से 6 अप्रैल के बीच में आयोजित हुआ था जिसमें लगभग 300 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया था उन 300 छात्रों में से कल्याणिका विद्यालय के साथ छात्राओं ने उसे प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसमें सत्यम कुमार जायसवाल ने द्वितीय स्थान और शुभांशु मिश्रा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया विद्यालय के प्रबंध स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद दिए। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश मिश्रा ने बताया कि छात्रा-छात्राओं ने अपने कड़ी और अथक मेहनत प्रयास से पूरे संभाग में चेस्ट प्रतियोगिता में द्वितीय व चतुर्थी स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया है जिससे पूरा विद्यालय परिवार छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



## अनूपपुर जिले की मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला को मिला एनएबीएल प्रमाणपत्र

### किसानों को मिलेगा सटीक परीक्षण का लाभ

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले की एकमात्र मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला को राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त हो गई है। यह प्रमाणपत्र प्रयोगशाला की तकनीकी क्षमता, विश्वसनीयता और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्यप्रणाली का प्रमाण है। एनएबीएल मान्यता से प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों पर किसानों और अन्य हितधारकों का विश्वास और भी मजबूत हुआ है। एनएबीएल, अंतर्राष्ट्रीय प्रयोगशाला प्रत्यायन सहयोग (ILAC) और एशिया प्रशांत प्रत्यायन सहयोग (APAC) की पारस्परिक मान्यता व्यवस्था (MRA) का हिस्सा है, जिससे यहां किए गए परीक्षण परिणामों को वैश्विक स्तर पर भी मान्यता प्राप्त होती है। कृषि वैज्ञानिक महेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मान्यता प्रयोगशाला के बुनियादी ढांचे, उपकरणों, प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ और गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं में निरंतर उत्कृष्टता का परिणाम है। इससे न केवल जिले में मृदा परीक्षण की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए सटीक मार्गदर्शन भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत जिले के लिए 15,907 नमूनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे पूर्ण कर लिया गया है। अब तक 14,010 मिट्टी नमूनों की जांच की जा चुकी है और 13,010 मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को वितरित किए जा चुके हैं। जिले की इस एकमात्र मान्यता प्राप्त मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा एकत्र किए गए नमूनों की जांच की जाती है। एनएबीएल मान्यता के बाद अब किसानों को उनकी भूमि की गुणवत्ता की सटीक जानकारी समय पर मिलेगी, जिससे फसल उत्पादन में सुधार और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा मिलेगा।

# सीएम राइज स्कूल निर्माण भ्रष्टाचार की सीमा पार श्रमिकों का भी किया जा रहा शोषण, प्रशासन मौन

राजेन्द्रग्राम।



तहसील मुख्यालय पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत कोहका में निर्माणाधीन सीएम राइस स्कूल का कार्य इन दिनों विवादों में घिरता जा रहा है। जहां यह परियोजना शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, वहीं अब यह भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और श्रमिक शोषण का पर्याय बन चुकी है। बताया जा रहा है कि कोई बाहरी ठेकेदार किसी कामता नामक व्यक्ति उक्त भवन निर्माण का काम देख रहा है जो कभी-कभी यदा कदा स्थल पर पहुंचता है बाकी काम उनके किराए के गुर्गे दबंगई के साथ गुणवत्ता विहीन मटेरियल प्रयोग करके भवन निर्माण में भारी भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय लोगों और मजदूरों के अनुसार निर्माण कार्य का जिम्मा संभाल रहे बाहरी ठेकेदार द्वारा न सिर्फ निर्माण सामग्री की अवैध चोरी की जा रही है, बल्कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी बेहद घटिया स्तर की है। ईंट, सीमेंट और सरिया जैसे मुख्य सामग्री में कमीशनखोरी और गड़बड़ी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। यह निर्माण कार्य मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है।

### श्रमिकों की सुरक्षा और अधिकारों की अनदेखी

सबसे गंभीर स्थिति तो श्रमिकों की है, जिन्हें ना तो न्यूनतम मजदूरी मिल रही है और ना ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था। स्थानीय मजदूरों से 70 से 80 फीट की ऊँचाई पर बिना किसी सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट या अन्य उपकरणों के कार्य करवाया जा रहा है, जिससे उनकी जान हर वक्त खतरे में है। इसके अतिरिक्त इस चिलचिलाती गर्मी में उनके लिए ना तो कोई छांव या विश्राम स्थल की व्यवस्था है और ना ही पीने के पानी का इंतजाम किया गया है।

### ठेकेदार के हौसले बुलंद, जिम्मेदार मौन

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ठेकेदार खुलेआम नियमों की अनदेखी कर रहा है और उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है। इससे पहले अखबारों के माध्यम से कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और स्थानीय संगठन इस मुद्दे को लेकर अधिकारियों तक आवाज उठाया गया था। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं किया गया। लगता है जैसे प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है।

### जनहित की अनदेखी, कब जागेगा प्रशासन?

यह सवाल अब आम जनता के मन में उठने लगा है कि आखिर कब तक जिले के अधिकारी इन अनियमितताओं पर आंखें मूंदे बैठे रहेंगे। क्या निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करना, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना और जनता की शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई करना प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है। अब देखना यह होगा कि क्या जिला प्रशासन जागता है और दोषियों पर कार्रवाई करता हैं। या फिर यह मामला भी अन्य घोटालों की तरह सरकारी फाइलों में दबकर रह जाएगा। जब भी कोई भवन का निर्माण कराया जाता है तब गड्ढे को समतलीकरण के लिए मुरूम का इस्तेमाल किया जाता है।

**नाम सुधार/परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम बच्ची सोनी पत्नी स्व. संतोष सोनी है जो मेरे शैक्षणिक अभिलेखों व मतदाता परिचय पत्र में अंकित है किन्तु त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड में नाम वंदना बच्ची दर्ज है जिसके कारण शासकीय अभिलेखों, बैंक खातों व संतानों के शैक्षणिक अभिलेखों में वंदना बच्ची दर्ज है जिसे सुधार कराकर बच्ची सोनी कराना चाहती हूं तथा भविष्य में मुझे बच्ची सोनी के नाम से ही जाना जावे।

**भवदीय**
**बच्ची सोनी पत्नी स्व. संतोष सोनी**
**निवासी वार्ड नंबर 05 कोतमा,**
**जिला- अनूपपुर (म.प्र.)**